# किसानों को मिलें फसल का मुआवजा : पटवारी





**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 नवम्बर।** श्योपुर जिला मुख्यालय पर 14 दिन से चल रहे किसानों के फसल के नुकसान हेतु धरना प्रदर्शन में आज प्रदेश के पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज श्योपुर मेला रंग मंच पर भाजपा की कथनी करनी को खूब मन से उजागर किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जो किसानों से चुनाव के वक्त वादे किए थे कि किसानों को धान का मूल्य 3100 और गेहूं का 2700 रुपऐ के मान से उपार्जन का मूल्य दिया जाएगा। प्रदेश के किसानों को भाजपा सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कथनी करनी में अंतर बताया उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्नदाताओं को धान की फसल का 3100 रुपऐ और गेहूं की खरीदी 2700 के मान से की जानी थी। उन्होंने ना तो धान गेहूं उक्त दाम में खरीदा, किसानों के साथ छलावा किया गया है कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश की लाडली बहनों को 3000 माह का वादा कर चुकी है जबकि बहनों को 1250 से 1500 दिए जा रहे है।

पटवारी ने मंच संबोधन के दौरान यह भी कहा कि श्योपुर जिले के एक किसान की अपनी धान की फसल नष्ट के बाद उसनें आत्महत्या कर ली थी। जिसकी शुद्ध प्रदेश सरकार ने नहीं ली उन्होंने श्योपुर जिले में आई इस बारिश के बाद हुई धान की फसल के नुकसान का किसानों को एक सप्ताह के अंदर भुगतान नहीं किया तो वह अपने समस्त विधायकों के साथ विधानसभा में किसानों की आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि 2 तारीख से विधानसभा प्रारंभ हो रही है, और कांग्रेस के सभी विधायक गण प्रदेश की मांग को लेकर अपने प्रश्नों के माध्यम से विधानसभा में रखेंगे प्रदेश अध्यक्ष ने मंच पर आसीन कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल रावत, मुकेश मल्होत्रा विजयपुर विधायक , विधायक पंकज उपाध्याय पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक जयवर्धन सिंह सहित अन्य विधायकों से भी उन्होंने श्योपुर जिले के किसानों एवं जिले प्रदेश के किसानों की इन समस्याओं को विधानसभा में अपने प्रश्नों के माध्यम से रखने की बात कही, उन्होंने यह भी कहा कि अगर प्रदेश सरकार एक सप्ताह के भीतर श्योपुर जिले के किसानों को धान का मुआवजा नहीं वितरण करती है । तो वह उनकी इस मांग को गंभीरता से लेते हुए विधानसभा में रखेंगे। आज श्योपुर जिले का विधायक बाबू जंडेल जो 14 दिन से श्योपुर जिले के किसानों की धान की फसल के नुकसान के लिए भूख हड़ताल आमरन अनसन पर बैठे है । ,प्रदेश मुख्यमंत्री से जिला प्रशासन के माध्यम से कराए गए फसल सर्वे का नुकसान एवं उसके भुगतान की शीघ्र भुगतान किए, जाने की बात कही । यह प्रदेश के अन्नदाताओं की आज इस आपदा से किसान जूज रहा है और उन्हें इसका मुआवजा मिलना चाहिए ।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने भी मंच संबोधन में भाजपा की कथनी करनी एवं जिले के किसानों को फसल का मुआवजा मिले की बात रखी विधायक जयवर्धन सिंह ने यह भी कहा कि श्योपुर जिले की जनता का अटूट प्रेम जिसमें श्योपुर , विजयपुर , गोरस ,कराहल , सेसाईपुरा एवं के दूर दराज के गांव के किसान जनता जनार्दन का अपार जन सहयोग हमें मिलता रहा है और मिलता रहेगा । हम उनकी इन समस्याओं को समय-समय पर उठाते रहेंगे और उनको न्याय दिलाते रहेंगे मंच संबोधन में ग्वालियर से पधारे अशोक सिंह ने भी अपनी बात रखी इस दौरान फूल सिंह बरैया , नीटू सिकरवार, हरगोविन्द जौहरी, बैजनाथ कुशवाह, पंकज उपाध्याय, अशोक झा , रमेश गोयल, रितेश तोमर, संजीव कुशवाह, राम अवतार जोशी प्रहलाद सेन, रामलखन हिरनीखेड़ा, लक्ष्मी मुस्तफा दाऊदी , सिराज दाऊदी, सुग्रीव रावत सहित सैकड़ो की संख्या में सरपंच, पार्षद, किसान, नेता जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 नवम्बर।** वन इंडिया डेवलपमेंट फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा कराहल के आजीविका भवन में आयोजित डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख ने कहा कि वित्तीय और डिजिटल साक्षरता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वर्तमान में अधिकतर भुगतान डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से किये जा रहे है। मोबाइल के माध्यम से भुगतान की सुविधा उपलब्ध हुई है, इसके सावधानीपूर्वक उपयोग के लिए आयोजित यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनिमेष मोहंती, एनआरलएम के ब्लॉक मैनेजर श्रीमती सोनिया परिहार, सहायक ब्लॉक मैनेजर गोपाल शर्मा, अविनाश शर्मा, एसबीआई कराहल से प्रवीण कुमार, चंबल संभाग प्रभारी श्रीमती नेहा कुलश्रेष्ठ, प्रोजेक्ट मोबिलाइजर राकेश कुशवाहा, शुक्राचार्य राजपूत एवं समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

वन इंडिया डवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा कराहल ब्लॉक में महिला सशक्तिकरण की दिशा में आयोजित प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आधुनिक अर्थव्यवस्था से जुड़ने का मार्ग दिखाया। यह प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं को न केवल वित्तीय रूप से जागरूक बनाने, बल्कि उन्हें साइबर सुरक्षा और मार्केटिंग लिंकेज जैसे विषयों में दक्ष करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

टीम की ओर से प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनिमेष मोहंती ने प्रशिक्षण के व्यापक लक्ष्यों पर प्रकाश डाला, जबकि प्रोजेक्ट लीडर अविनाश शर्मा ने मुख्य प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। प्रोजेक्ट मोबिलाइजर राकेश कुशवाहा और शुक्राचार्य राजपूत ने कार्यक्रम के सुचारु संचालन को सुनिश्चित किया। प्रशिक्षण में वित्तीय प्रबंधन और घरेलू बजट महिलाओं को अपनी आय का सही प्रबंधन करने, बचत के विभिन्न विकल्पों को समझने और एक मजबूत घरेलू बजट तैयार करने के सरल और प्रभावी तरीके सिखाए गए, ताकि परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता सत्र में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन लेनदेन करते समय बरती जाने वाली सावधानियां, और फिशिंग तथा अन्य प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी से स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय विस्तार से बताए गए। आधुनिक मार्केटिंग टूल्स प्रशिक्षण में महिलाओं को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स जैसे प्लेटफॉर्म की जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से वे अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को बिना किसी बिचौलिए के राष्ट्रीय बाजार में बेच सकती हैं।

# 3 बीएलओ ने किया मतदाताओं का डिजिटलाईजेशन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा के नेतृत्व में जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत गणना फार्म वितरण एवं उन्हें भरने का कार्य करते हुए बीएलओ एप पर डिजिटलाईजेशन का कार्य किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा की सतत् मॉनीटरिंग एवं मार्गदर्शन में एसआईआर का कार्य आयोग की मंशानुरूप तेजी से हो रहा है। इसी क्रम में तीन बीएलओ प्रमोद प्रजापति, कैलाश महावर एवं ओमप्रकाश धाकड द्वारा भी गणना पत्रक का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ प्रमोद प्रजापति ने अपने मतदान केन्द्र अंतर्गत शत प्रतिशत मतदाताओं के न केवल गणना फार्म वितरित किये, बल्कि सभी मतदाताओं के गणना फार्म विधिवत भरवाकर प्राप्त करते हुए उन्हें बीएलओ एप पर डिजिटलाईजेशन करते हुए ऑनलाइन कर दिया गया है। प्रमोद प्रजापति भाग संख्या 203 बागवानी के बीएलओं है, यहां 120 मतदाता है, इन सभी मतदाताओं के एन्यूमरेशन फार्म भरकर उन्हें ऑनलाइन कर दिया गया है।

इसी प्रकार विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 189 फरारा के बीएलओ ओमप्रकाश धाकड द्वारा भी गणना पत्रक भरने एवं उन्हें बीएलओ एप पर डिजिटाईज करने का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है, उनके मतदान केन्द्र अंतर्गत 566 मतदाता है।

इसी प्रकार श्योपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाग संख्या 123 सूंडी के बीएलओ कैलाश महावर द्वारा भी गणना पत्रक भरने एवं उन्हें बीएलओ एप पर डिजिटाईज करने का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। उनके मतदान केन्द्र अंतर्गत 213 मतदाता है। इस प्रकार जिले में अभी तक 6 बीएलओ द्वारा शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**श्योपुर, 21 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव आयोजन के लिए अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# सीईओ जिला पंचायत ने किया कराहल क्षेत्र का भ्रमण,योजनाओं का लिया जायजा



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल के विभिन्न ग्रामों कलमी, गोरस, परतवाडा, पनवाडा, सेसईपुरा का भ्रमण कर योजनाओं का जायजा लिया गया तथा योजनाओ में प्रगति बढाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीईओ जनपद राकेश शर्मा, परियोजना अधिकारी पीएस राजपूत, विक्रम सिंह जाट, श्रीमती राजेश शर्मा, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, उदय सिंह धाकड़, रामगोपाल आदि उपस्थित रहें।

सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा कलमी ग्राम पंचायत में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पेयजल कुँए के रेनोवेशन कार्य का निरीक्षण किया गया, इसके साथ ही गोरस में पीएम जनमन अंतर्गत मल्टीपरपज सेंटर का निरीक्षण किया तथा प्रगतिरत कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

उन्होने गोरस के हाई स्कूल का निरीक्षण किया जिसमें कक्षा 9 व 10 में 98 बच्चो में से 45 बच्चे उपस्थित मिले बच्चो से पढ़ाई के बारे में संवाद कर पढ़ाई संबधी समझाइश दी गयी, प्राचार्य को छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने व शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने स्वसहायता समूह के माध्यम से की जा रही जड़ीबूटियों अन्य आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया तथा रागिनी आजीविका समूह द्वारा संचालित पीडीएस की दुकान का निरीक्षण किया गया। गोरस ग्राम पंचायत में सामुदायिक स्वच्छता परिसर बंद पाये जाने पर संबंधित पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा ग्राम पंचायत परतवाड़ा में निर्माणाधीन पोल्ट्री शेड, गौशाला का निरीक्षण किया, गौशाला में 46 गौवंश पाया गया, उन्होने गौवंश की संख्या बढाने के निर्देश दिये। साथ ही जल गंगा संवर्धन अंतर्गत तालाब का निरीक्षण किया तालाब से किसानों की फसल के लिए पानी से सिंचाई की जाती है। ग्राम पंचायत पनवाड़ के तालाब का निरीक्षण कर पंचायत सचिव को साफसफाई के निर्देश दिये एवं ग्राम पंचायत पनवाड़ा में प्रधानमंत्री आवासो का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि 148 आवास में से 14 आवासो का निर्माण कार्य शेष है संबंधित उपयंत्री व पंचायत सचिव को समय सीमा में लक्ष्य अनुसार आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। वनोपज संग्रहण केंद्र पनवाडा में सहरिया महिला लघु वनोपज प्रोड्यूसर कंपनी का निरीक्षण कर जड़ी बूटिया से होने वाले लाभ के संबंध में समूह की महिलाओं से चर्चा की गई।

ग्राम सेसईपुरा में आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूह की महिला द्वारा लगाये गये अमरूद फलोद्यान का अवलोकन किया गया।

# तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 नवम्बर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य मिशन के संयुक्त तत्वाधान में जिला न्यायालय परिसर के मीटिंग हॉल में तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गायत्री मित्तल द्वारा किया गया।

उक्त कार्यशाला का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश कपिल मेहता द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर माननीय द्वारा उपस्थित समस्त जन को उक्त आयोजित तनाव प्रबंधन एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का उद्देश्य एवं महत्वतता के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इसी अनुक्रम में डॉ गायत्री मित्तल द्वारा डिप्रेशन के लक्षण, एवं डिप्रेशन की पहचान से अवगत कराते हुये तनाव से मुक्त रहने के लिये विभिन्न गतिविधियां करवाई जाकर अपनी जीवनशैली को हमेशा पॉजीटिव बनाये रखने हेतु सलाह दी गई।

इस कार्यशाला के दौरान लीलाधर सौलंकी माननीय विशेष न्यायाधीश, ललित मुदगल, अध्यक्ष अभिभाषक संघ, संजय गोयल , माननीय प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, सुश्री प्रतिष्ठा अवस्थी माननीय प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, अमोघ अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती मनदीप कौर सेहमी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री ऋचा भट्ट, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, परवेज आलम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणीर, डॉ श्वेता जिला अभिभाषक संघ श्योपुर के अभिभाषकगण, व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर एवं जिला न्यायालय श्योपुर के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# बडौदा में युवा संगम रोजगार मेला 28 को

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन नगर परिषद भवन बडौदा में 28 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे से 3 बजे तक किया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी आशीष कुमार जैन ने बताया कि इस युवा संगम रोजगार मेले में जेबी इंडस्ट्री प्रायवेट लिमिटेड इंदौर, आमदनी प्रायवेट लिमिटेड हैदराबाद, अपोलो टायर, बजाज आटो लिमिटेड, एसएससीआई अनूपपुर, इगल सिक्योरिटी सर्विस एवं गुरूकृपा कंसलटेंसी शिवपुरी, एबी इंडिया टूरट्रिप सर्विस एजेंसी शिवपुरी, आयशर एकेडमी शिवपुरी, एलआईसी श्योपुर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेश श्योपुर आदि कंपनियों द्वारा मशीन ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाईजर, हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्युटर ऑपरेटर, आटोमेटिव टेक्निशियन, सैल्समैन, आफिस वर्कर, एग्रीकल्चर सेक्टर, बीमा मार्केटिंग, ऑटोमोबाइल सेक्टर, एलआईसी अभिकर्ता आदि पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 से वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता 5वी से स्नातकोत्तर, आईटीआई हो वे इस युवा संगम रोजगार मेले में उपस्थित होकर अपनी योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को नोटिस जारी



**श्योपुर, 21 नवंबर ।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर आंगनबाडी केन्द्रों के सतत् रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा गोरस, शंकरपुर, पनवाडा, सिलपुरी एवं पतरवाडा आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। सुषमा सोनी ने बताया कि भ्रमण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र बंद मिलने पर गोरस-सी कार्यकर्ता श्रीमती कमलेश आदिवासी, शंकरपुर आंगनबाडी-सी की कार्यकर्ता श्रीमती शकुतला शर्मा को अनुपस्थित मिलने पर नोटिस जारी किया गया है।

# भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4271 रुपऐं

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 नवंबर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 21 नवंबर को 4271 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए और 20 नवंबर को 4267 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

# विधायक ने सुनी जनसमस्याएं, तत्काल निराकरण के निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 21 नवम्बर।** इंदरगढ़ नगर स्थित अपने निज निवास पर आज क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों नागरिकों तथा आमजन की समस्याएं सुनने के लिए सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल पहुंचे इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और वार्डों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर उपस्थित हुए।विधायक अग्रवाल ने प्रत्येक नागरिक की बात धैर्यपूर्वक सुनी और जिन समस्याओं का समाधान तत्काल संभव था उनके लिए मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से टेलीफोनिक बातचीत कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी अग्रवाल ने कहा कि जनता की सेवा ही जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों की निरंतर समीक्षा की जा रही है और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रशासनिक तंत्र के साथ सतत संवाद बनाकर रखा गया है।

इस अवसर पर नगर और ग्रामीण अंचल से आए नागरिकों ने पानी सड़क बिजली राजस्व किसान हित पेंशन राशन कार्ड तथा आवास योजना से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं। विधायक जी ने प्रत्येक विषय पर गंभीरता से चर्चा की और कुछ प्रकरणों में तत्काल निराकरण की कार्रवाई भी प्रारंभ कराई।उन्होंने कहा कि सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनका संकल्प है और इसके लिए वे निरंतर जनता के बीच रहकर कार्य कर रहे हैं बैठक के दौरान उपस्थित नागरिकों ने विधायक प्रदीप अग्रवाल के संवेदनशील व्यवहार और त्वरित कार्रवाई की सराहना की तथा आभार व्यक्त किया इस अवसर पर अमजद खान भास्कर गुप्ता प्रदीप नाहर राजकुमार परिहार प्रभात श्रीवास्तव पावन पाठक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सहसराम फीडर से 22 को बंद रहेगी विधुत की आपूर्ति

**श्योपुर, 21 नवंबर।** 132 केव्ही श्योपुर-मोहना सर्किट-1 पर नव निर्मित बे पर शिफ्टिंग एवं अन्य निर्माण कार्य होने से 22 नवंबर को 33 केव्ही सहसराम फीडर से बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। महाप्रबंधक मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड ने बताया कि 22 नवंबर को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक 33 केव्ही सहसराम फीडर से बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।



# स्वीप गतिविधि के तहत दी एसआईआर की जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में आज सान्दीपनि विद्यालय श्योपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अन्तर्गत स्वीप गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यालय के स्वीप गतिविधि नोडल शिक्षक सोनू जैन द्वारा विद्यार्थियों को एसआईआर के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा गणना फार्म भरने के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि गणना फार्म भरने में बीएलओ का सहयोग करें तथा बीएलओ जब आपके परिवार से जानकारी मांगे तो उसे तत्काल उपलब्ध करायें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक खण्डेलवाल एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।



## 21 लीटर हाथभट्टी मदिरा बरामद

**श्योपुर, 21 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय पर लगातार कार्यवाही की जा रहे है। जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार ने बताया कि आबकारी बल द्वारा कराहल क्षेत्र में दबिश देकर कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 2 प्रकरण दर्ज किये गये, लगभग 21 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 450 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया, जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 49 हजार 200 रुपये पाई गई।कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री निधि जैन, आरक्षक राजेंद्र शर्मा, व्रगबान अन्य आबकारी बल मौजूद रहा।

## तम्बाकू मुक्त गांव बनाने बैठक आयोजित

**श्योपुर, 21 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत आज नोडल अधिकारी तंबाकू मुक्त अभियान डॉ प्रदीप शर्मा एवं सीईओ जनपद पंचायत श्योपुर एसएस भटनागर द्वारा पंचायत सचिवों एवं जीआरएस की वर्चुअली बैठक ली गई। बैठक के दौरान पंचायत सचिवों एवं जीआरएस को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा तम्बाकू मुक्त गांव बनाने के लिए पहल करने की अपेक्षा की गई। यह अभियान 9 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक चलाया जा रहा है इसके तहत 30 गाँव तंबाकू मुक्त करने के लिए लक्ष्य दिया गया है तंबाकू मुक्त गांव चेक लिस्ट के आधार पर प्रमाणित किया जा सकेगा।

# श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे सेवड़ा विधायक



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 21 नवम्बर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम इटोदा सरपंच रामेंद्र जाटव के निधन पर उनके निज निवास पर पहुंचे इसी तरह आलमपुर कृतिका गार्डन में बालमुकुंद स्वामी की माताजी की त्रयोदशी में पहुंचे इसी तरह ग्राम परसोदा बामन सीताराम झा के निधन पर उनके निज निवास पर पहुंचे इसी तरह इंदरगढ़ नगर चित्रगुप्त कॉलोनी में प्रदीप श्रीवास्तव के बड़े भाई के आकस्मिक निधन पर उनके निज निवास पर पहुंचे सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल उपस्थित रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश दांतरे भास्कर गुप्ता पत्रकार सुरेंद्र श्रीवास्तव मम्मू विजय गुप्ता अनूप दुबे सुनील श्रीवास्तव गोपाल श्रीवास्तव पार्षद रवि चौरसिया पवन पाठक आदि।

## आलोक गुर्जर का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन

**इंदरगढ़ ।** बब्बू राजा गुर्जर के पुत्र आलोक गुर्जर का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो जाने पर सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने उनके निवास ग्राम बघावली पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की यहां उन्होंने पीड़ित परिवार को दुख की घड़ी में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की इस अवसर पर विधायक प्रदीप अग्रवाल के साथ मंडल अध्यक्ष मुकेश चौधरी के अलावा भाजपा नेता प्रवीण गोस्वामी भास्कर गुप्ता जितेंद्र शर्मा बाबू जी राजपाल सिंह गुर्जर निज सहायक प्रभात श्रीवास्तव पी एस ओ अरविंद यादव तथा गुर्जर परिवार की सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे ।

